**शहरी विकास विभाग**
**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रः दिल्ली सरकार**
**<u>9वां तल, सी–विंग, दिल्ली सचिवालय, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली</u>**

विधायक का नाम : श्री सोमनाथ भारती
दिनांक : 30.07.2021
विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या : 101
क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

| क्र. सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क | क्या यह सत्य है कि तीनों नगर निगमों के अन्तर्गत सफाई कर्मचारियों का वेतन जारी नहीं किया जा रहा है और इस प्रकार वे अमानवीय स्थितियों के लिए बाध्य हैं, | **उत्तरी दिल्ली नगर निगमः**– उत्तरी दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारियों का जून माह तक का वेतन दिया जा चुका है।<br>**दक्षिणी दिल्ली नगर निगमः**– दक्षिणी दिल्ली नगर निगम द्वारा जून 2021 तक के वेतन का भुगतान किया जा चुका है वेतन के भुगतान में कोई विलम्ब नहीं है।<br>**पूर्वी दिल्ली नगर निगमः**– पूर्वी दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारियों का जून 2021 तक का वेतन वितरित कर दिया गया है । |
| ख | यदि हॉ, तो उन्हें इस स्थिति से उभारने के लिए क्या कार्य योजना है, | **उत्तरी दिल्ली नगर निगमः**– उपरोक्तानुसार।<br>**दक्षिणी दिल्ली नगर निगमः**– दक्षिणी दिल्ली नगर निगम द्वारा जून 2021 तक के वेतन का भुगतान किया जा चुका है वेतन के भुगतान में कोई विलम्ब नहीं है।<br>**पूर्वी दिल्ली नगर निगमः**– पूर्वी दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारियों का जून 2021 तक का वेतन वितरित कर दिया गया है । |
| ग | क्या यह सत्य है कि पूरी दिल्ली में और विशेषकर मालवीया नगर विधानसभा क्षेत्र में सीवर लाइनों का इस्तेमाल बरसाती पानी की निकासी के लिए भी किया जाता है, | **उत्तरी दिल्ली नगर निगमः**– मालवीय नगर दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत है जहां तक उ.दि.न.नि का सम्बध है, समान्यताः सीवर लाइनों का प्रयोग बरसाती पानी की निकासी के लिए नही किया जाता है फिर भी कुछ क्षेत्रों में विषेशकर पुरानी दिल्ली में सीवर व बरसाती पानी के निकास हेतु एक की व्यवस्था चली आ रही है।<br>**दक्षिणी दिल्ली नगर निगमः**– जी नहीं। मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में कुछ शहरीकृत गांवों व अनाधिकृत/अधिकृत नियमित बस्तियों में संकरी गलियों में सीवर लाईन में बरसाती पानी की व्यवस्था वर्षों पुरानी है। इस व्यवस्था को परिस्थिति अनुसार बजट उपलब्ध होने पर दुरस्त किया जाता है।<br>**पूर्वी दिल्ली नगर निगमः**– यह सत्य नहीं है । पूर्वी दिल्ली नगर निगम के अन्तर्गत आने वाले बरसाती नालों के पानी की निकासी के लिए सीवर लाईनों का इस्तेमाल नहीं किया जाता है । |
| घ | क्या यह भी सत्य है कि बरसाती पानी के प्रबंधन का उत्तरदायित्व तीनों नगर निगमों का है और इसके लिए उन्हें 60 फुट से कम चौड़ी सड़कों के किनारे एतद्संबंधी नालियॉ बनवानी चाहिए, और | **उत्तरी दिल्ली नगर निगमः**– उपरोक्तानुसार।<br>**दक्षिणी दिल्ली नगर निगमः**– यह सत्य है।<br>**पूर्वी दिल्ली नगर निगमः**– पूर्वी दिल्ली नगर निगम के अन्तर्गत 60 फुट से कम चौड़ी सड़को के किनारे एतद्संबंधी नालियॉ समय–समय पर बनाई जाती रही है एवं उपलब्ध बजट के अनुसार उनमें सुधार का कार्य भी किया जाता रहा है । समय–समय पर सर्वेक्षण के उपरान्त बजट उपलब्धता के अनुसार 60 फुट से कम चौड़ी सडकों पर जहां नाली उपलब्ध नहीं है, का कार्य करवाया जाता है । |
| ड | यदि हॉ, तो मालवीया नगर विधानसभा क्षेत्र का एक मानचित्र उपलब्ध कराये जिसमें बरसाती पानी हेतु बनाये नालों के होने या न होने अथवा यदि उनपर अतिक्रमण हुआ है, तो उस सबका भी सम्पूर्ण विवरण इंगित किया गया हो ? | **उत्तरी दिल्ली नगर निगमः**– उपरोक्तानुसार।<br>**दक्षिणी दिल्ली नगर निगमः**– मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 60 फुट से कम चौड़ी सड़के दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के अधीन आती हैं, उनमें बरसाती नाली उपलब्ध हैं। 4फीट से अधिक गहरे नालों की सफाई दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के निर्माण विभाग (अभियांत्रिक) द्वारा की जाती (सूची संलग्न) और इन नालों पर अतिक्रमण नहीं है। 4फीट से कम गहरे नालों की सफाई दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के स्वच्छता पर्यावरण प्रबन्धन विभाग द्वारा की जाती है। अगर किसी नाली पर अतिक्रमण पाया जाता है तो वह समय–समय पर हटवा दी जाती है। अभी ऐसा मानचित्र विभाग में उपलब्ध नहीं है। |

Deputy Secretary (Admn.)
Urban Development Deptt.
Govt. of N.C.T. of Delhi
9th Level, Delhi Sectt.
New Delhi-110002

SOUTH DELHI MUNICIPAL CORPORATION
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER (M-S) I
GULMOHAR PARK, NEW DELHI

**Subject: List of drains/ nallas in AC-43 (Malviya Nagar) (Above 4ft in depth and width).**

| S. No. | Ward No. | Name of nalla/Drains | From --- to | Length in Mtr. | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (A) | |
| 1 | 61 | Jia Sarai outfall drain along IIT Boundary wall | along IIT Boundary wall | 80 | |
| 2 | 61 | Arjun Nagar Nalla from Humayunpur to A.I.I.M.S. (Near Cremation Ground Green Park | Humayunpur to A.I.I.M.S. | 1500 | |
| 3 | 61 | Nauroji Nagar nalla from Bhikaji Cama Plaec to Ring Road | from Bhikaji Cama Plaec to Ring Road | 1250 | |
| 4 | 61 | Covered drain from C-2/60 SDA to Aurbindo Marg | C-2/60 SDA to Aurbindo Marg | 150 | |
| 5 | 61 | Green Park Nalla from MCD School to Aurbindo Marg Evergreen Sweets | from MCD School to Aurbindo Marg Evergreen Sweets | 650 | |
| 6 | 61 | K&P block SDA drain from Saint Paul School to Aurbindo Marg drain | from Saint Paul School to Aurbindo Marg drain | 350 | |
| 7 | 62 | Kalu Sarai nalla Begumpur to along Park, Sarvpriya Vihar | Begumpur to along Park, Sarvpriya Vihar | 275 | |
| 8 | 62 | Gautam Nagar Nallah from Indian Oil to bridge behind AIIMS (reach from IOC to Gautam Nagar Nalla Culvert) | from IOC to Gautam Nagar Nalla Culvert) | 310 | |
| 9 | 62 | Gulmohar Enclave outfall drain covered (20 Nos. Manhole) | Gate No. 3 Gulmohar Enclave to Balbir Saxena Marg | 210 | |

EE(M)I/SZ

AE

JE